कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
1/13/107, नैय्यर कालोनी, सिविल लाइन्स, अयोध्या–224001
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

पत्रांक 2733/ 14-15 / 37 दिनांक 14/05/2026

सेवा में,

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 13.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक ''सोहावल के बभनियावां गांव में जल जीवन मिशन** अधूराः **50 घरों तक नहीं** पहुंची पाइप लाइन, **ग्रामीण परेशान'' के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर समाचार पत्र दिनांक 13.05.2026 को प्रकाशित समाचार शीर्षक **''सोहावल के बभनियावां गांव में जल जीवन मिशन अधूराः 50 घरों तक नहीं पहुंची पाइप लाइन, ग्रामीण परेशान''** के संदर्भ में अवगत कराना है कि बभनियावां पेयजल योजना विकासखण्ड– सोहावल अर्न्तगत समस्त कार्य पूर्ण कर दिनांक 30.11.2024 से योजना संचालन एवं अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

उपरोक्त खबर के सम्बन्ध में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर, फर्म तथा दैनिक भाष्कर समाचार पत्र के पत्रकार द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 08 नये निर्मित भवन हेतु गृह जल संयोजन का कार्य शेष है एवं लगभग 24 व्यवसायिक दुकानें निर्मित है, जिनमें दुकानदारों द्वारा अवगत कराया गया कि जल संयोजन की आवश्यकता नहीं है।

उपरोक्त अवशेष 08 नग गृह जल संयोजन कराने हेतु अतिरिक्त पाइप लाइन व्यक्तिगत भूमि में बिछाये जाने हेतु भूमि स्वामियों की अनुमति के उपरान्त ही गृह जल संयोजन कराया जाना सम्भव हो सकेगा।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

14/05/2026
(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
2. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।
3. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई।

अधिशासी अभियन्ता